अमर उजाला 04/10/2025

# युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण में मिला सम्मान

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस के छात्रों ने 26 सितंबर से 1 अक्तूबर तक वृंदावन में आयोजित अंतर-जिला युवा रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। श्रेष्ठ एंकर एवं संसाधन व्यक्ति का सम्मान डॉ. अनीश कुमार को दिया गया। इसी प्रकार भाषण व नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार, समूहगान में द्वितीय पुरस्कार और श्रेष्ठ अभिनेता के तौर पर सपना को सम्मान मिला। संवाद